गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/ PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. न.दि./गेल/सचि./2017

10 फरवरी, 2017

सूचीकरण विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल प्लाट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) **मुंबई-400051**	**सूचीकरण विभाग** बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई 400001-**

प्रिय महोदय,

कृपया **"चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों में गेल का कर पश्चात लाभ 133% बढ़कर 3,243 करोड़ रुपए हुआ तीसरी तिमाही में कर पूर्व लाभ बढ़कर 61%, कर पश्चात लाभ 46% बढ़कर 983 करोड़ रुपए हुआ"** पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

<u>प्रतिलिपि</u> :

डयूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों में गेल का कर पश्चात लाभ 133% बढ़कर 3,243 करोड़ रुपए हुआ

तीसरी तिमाही में कर पूर्व लाभ बढ़कर 61%, कर पश्चात लाभ 46% बढ़कर 983 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली, फरवरी 10, 2017 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2016-17 के पहले नौ महीनों में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कर पश्चात लाभ में 133% की वृद्धि दर्ज की। कर पश्चात लाभ 1,394 करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर 3,243 करोड़ रुपए हो गया।

तिमाही आधार पर तिमाही में पेट्रोकेमिकल खंड में सुधार तथा तरल हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में लाभ प्रदता में वृद्धि से गेल का कर पश्चात लाभ पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 676 करोड़ रुपए से 46% बढ़कर 983 करोड़ रुपए हो गया।

कंपनी ने तिमाही आधार पर सभी खंडों में वृद्धि दर्ज की है जैसे कि पेट्रोकिमिकल बिक्री में 8% की वृद्धि, तरल हाइड्रोकार्बन बिक्री में 4% तथा प्राकृतिक गैस विपणन एवं ट्रांसमिशन मात्रा में क्रमश: 3% एवं 2% । तीसरी तिमाही में पेट्रोकेमिकल कारोबार में नवंबर एवं दिसंबर, 2016 में मूल्य निर्धारण का दबाव महसूस किया गया, कर पश्चात लाभ में 6% की वृद्धि के साथ 983 करोड़ रुपए हो गया।